Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भोला कां भूले करी, बाउलि घाले बाथ;
खोटइं भव खोइ पछै, घणु घसे शो हाथ ॥८४॥

नरभव गयो न आवस्ये, छे वली थोडा दिन्न;
गाफिल मांहे मत गमो, मूढ विमासो मन्न ॥८५॥

जिम भांगी अरहट घडी,, फोगट फेरा खाय;
तिम अविवेकी लोकनो, जनम अनारथ जाय ॥८६॥

तजी ममत्व धीर करी, निरखे अंतर-नेत्र;
पल एकमां पेखस्यो(?), पंथ पाधरो[1] नेत्र ॥८७॥

जोइ तपासी जन ग्रहे, सावरणी पण सार;
संबल जे संवर तणुं, ते परखो कां न लगार? ॥८८॥

मन आग्रह जेहने नही, शास्त्र-अभ्यास समर्थ;
तत्त्व दृष्टि जसु निर्मली, ते साधे परमार्थ ॥८९॥

सकल शिक्षानो सार ए, सर्व शास्त्रनो चोज;
शुद्ध देव गुरु धर्मनी, सुधी करजो खोज[१३] ॥९०॥

कुलवर्णाश्रम चाल जे, तेह न जाणो धर्म;
ओलखवो आत्मार्थने, ए एह धर्मनो मर्म ॥९१॥

सिद्ध नरे जिम संग्रहयो, विष पिण अमृत थाय;
तिम [१४]सात्त्विक दृष्टे ग्रह्या, शास्त्र सकल शिवदाय ॥९२॥

पण ते तो दुर्लभ घणु, सम्यग् ज्ञान विवेक;
इम मिथ्या अभिमानथी, अरथ सरइ नहीं एक ॥९३॥

श्रद्धा जिम ज्ञान(ना) बलें, सदगुरु-चरणपसाय;
ते पिण दृढ अभ्यासथी, लहे थोडा दिनमांहि ॥ ९४॥

स्वातिबुंदथी सुक्तिमां, जिम मुक्ता उपजंत;
स्वल्प शिक्षाथी संतने, तिम अनंत गुण हुंत ॥९५॥

इम ए संक्षेपे कही, हित-शिक्षा लवलेस;
स्वल्प बुद्धि जन सर्वनइ, ए अमृत उपदेस ॥९६॥

---

1 सरल.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्वमत कदाग्रह ईहां नही, नही पर निंदा बुद्धि;
केवल हित-करणी कही, मोक्षमारगनी शुद्धि ॥९७॥

दुषण-रहित अनेक गुण, छे मणि माला तुल्य;
ज्ञाता ग्राहक कर चड्या, थासे एह अमूल्य ॥९८॥

प्रीते जे पुन्यातमा, कंठे धरस्ये एह;
शिववधु वरसे तेहनइं, लहस्ये सौख्य अछेह[१५] ॥९९॥

जिम मथवाथी उमटे, गोरसमां नवनीत;
तिम सम्यक् आलोचता, संत पामसे प्रीत ॥१००॥

अक्षर एक पण एहनो, छे चिंतामणि प्राय;
पण मूरख मन सर्व ए, वाय वायानी न्याय ॥१०१॥

यद्यपि खलजन एहमां, अछता देसे दोष;
तो पण संत अनेक मन, उपजस्ये महा तोष ॥१०२॥

सूर्य गमे नही [1]धूकने , जलद [2]जवासा गात्र;
तो पिण महिमा तेहनो, न घटे एक तिल मात्र ॥१०३॥

जे अयुक्त भाख्यु ईहां, में कांई मंदबुद्धि;
ते समदृष्टि संत जन, शोधी करजो शुद्धि ॥१०४॥

नय-प्रमाण-रत्ने भर्यो, जे गंभीर अगाध;
जिनमत-रत्नाकर जयो, अवितथ-वाक्य अबाध ॥१०५॥

सत्तरसे छयांसी (१७८६) समे, ए शिक्षाशत सार;
फागुण वदि पांचम गुरु, रच्यु एह दिल्ली मझारि(र) ॥१०६॥

ए शिक्षाशत जे सुगुण, भणे धरी मन भाव;
हंसरत्न कहे तास घरि, जय-कमला थीर थाय ॥१०७॥

॥ इति श्री शिक्षाशतबोधिका संपूर्णम् ॥

1 घूवडने.

2 एक छोड़.

For Private and Personal Use Only

छिन्नू जिनवरांरौ स्तवन

आर्य मेहुलप्रभसागर

कृति परिचय

प्रस्तुत कृति उपाध्याय प्रवर श्री लक्ष्मीवल्लभजी महाराज द्वारा मारुगुर्जर भाषा में निबद्ध तेरह गाथा की स्तुतिमय रचना है। लगभग सवा तीन सौ वर्ष प्राचीन व अद्यपर्यन्त प्राय: अप्रकाशित इस लघुकृति में छियानवे परमात्माओं की नामोल्लेख पूर्वक वंदना की गई है। जिनमें इस अवसर्पिणी काल के जंबूद्वीप के भरत क्षेत्र के आश्रयी वर्तमान श्री ऋषभदेवादिक २४ तीर्थंकर, अतीत काल के श्री केवलज्ञानी आदि २४ तीर्थंकर, अनागत काल के श्री पद्मनाभादि २४ तीर्थंकर एवं महाविदेह क्षेत्र में विचरण कर रहे विहरमान श्री सीमंधरस्वामी आदि २० तीर्थंकर तथा श्री ऋषभ-चंद्रानन आदि शाश्वत ४ जिनेश्वरों का परिगणन किया गया है। इस तरह २४+२४+२४+२०+४ =९६ तीर्थंकरों की स्तुति की गई है।

स्तवन के प्रारम्भ में सकल जिनवरों को प्रणाम कर श्रुतदेवता का ध्यान किया गया है तथा अंत में इन सभी तीर्थंकरों के नाम स्मरण के फलस्वरूप भव-भव के पाप दूर चले जाते हैं, यह बताया गया है। कलश में कर्ता ने अपने गुरुवर श्री लक्ष्मीकीर्ति उपाध्याय के चरणकमलों का मधुकर बतलाकर अपनी विनयशीलता उजागर की है।

कृति में रचना संवत् का उल्लेख नहीं है। फिर भी रचनाकार की साहित्योपासना काल उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर वि.सं. १७२१ से वि.सं. १७४७ तक का माना जा सकता है। उसी काल में इस कृति की भी रचना हुई है।

प्रस्तुत कृति में प्राकृत और अपभ्रंश भाषा के अनेक पदों का प्रयोग दर्शनीय है।

कर्ता परिचय

यश:पुंज तृतीय दादागुरुदेव आचार्य श्री जिनकुशलसूरि के शिष्य गौतमरास के रचयिता विनयप्रभ उपाध्याय से एक पृथक् साधु परम्परा चली जो एक स्वतंत्र शाखा न होकर मुख्य परम्परा की आज्ञानुवर्ती रही। विनयप्रभ उपाध्याय के शिष्य विजयतिलक उपाध्याय हुए। उपाध्याय क्षेमकीर्ति इन्हीं के शिष्य थे।

प्रचलित मान्यतानुसार उपाध्याय क्षेमकीर्ति ने एक साथ ५०० धावड़ी(बाराती)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लोगों को दीक्षा दी थी इसीलिए यह परम्परा 'क्षेमकीर्ति' या 'क्षेमधाड़' शाखा के नाम से जानी जाती है।

प्रस्तुत कृति के रचनाकार उपाध्याय लक्ष्मीवल्लभजी महाराज ने कल्पसूत्र की कल्पद्रुमकलिका टीका की प्रशस्ति में लिखा है-

श्रीमज्जिनादिकुशल: कुशलस्य कर्ता
गच्छे बृहत्खरतरे गुरुराड् बभूव।
शिष्यश्च तस्य सकलागमतत्त्वदर्शी
श्रीपाठक: कविवरो विनयप्रभोऽभूत् ।।१।।

विजयतिलकनामा पाठकस्तस्य शिष्यो
भुवनविदितकीर्तिवाचक: क्षेमकीर्ति:।
प्रचूरविहितशिष्य: प्रसृता तस्य शाखा
सकलजगति जाता क्षेमधारी ततोऽसौ ।।२।।

अपने उदय से लेकर बीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक तक यह परम्परा अविच्छिन्न रूप से पहले साधुओं के रूप में और बाद में वही यतियों के रूप में चलती रही। इस शाखा में गीतार्थ विद्वानों की लम्बी और विशाल परम्परा रही है। इसमें अनेक दिग्गज विद्वान् एवं साहित्यकार हुए हैं, जिनमें से कुछ के नामोल्लेख इस प्रकार हैं- उपाध्याय तपोरत्न, महोपाध्याय जयसोम, महोपाध्याय गुणविनय, मतिकीर्ति, उपाध्याय श्रीसार, उपाध्याय लक्ष्मीवल्लभ, वाचक सहजकीर्ति, विनयमेरु, महाकवि जिनहर्ष, लाभवर्धन, उपाध्याय रामविजय, भुवनकीर्ति, अमरसिंधु इत्यादि। जिनके द्वारा रचित सहस्रों कृतियों से न केवल जैन साहित्य अपितु समग्र भारतीय वाङ्मय समृद्ध है।

प्रस्तुत कृति के रचनाकार उपाध्याय लक्ष्मीवल्लभजी महाराज हैं। ये खरतरगच्छीय क्षेमकीर्ति शाखा के उपाध्याय लक्ष्मीकीर्ति के शिष्य थे। इनका मूल नाम 'हेमराज' और उपनाम 'राजकवि' था। इनकी जन्म-दीक्षा आदि तिथि और स्थलों की जानकारी गवेषणीय है। संस्कृत, राजस्थानी और हिन्दी तीनों भाषाओं में इन्होंने अनेक रचनायें की हैं। कल्पसूत्र की कल्पद्रुमकलिका टीका आपकी प्रसिद्ध कृति है। साथ ही संस्कृत भाषा में कुमारसंभव महाकाव्य की टीका, उत्तराध्ययन टीका, धर्मोपदेश काव्य स्वोपज्ञ टीका, पंचकुमार कथा, जिनकुशलसूरि अष्टक सहित

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्फुटक कृतियाँ भी प्राप्त होती हैं।

प्राकृत में चौबीस दंडक विचार कुलक उपलब्ध होता है। मारुगुर्जर रचनाओं में अभयंकर-श्रीमती चौपाई, अमरकुमार रास, भावना विलास, भर्तृहरि कृत शतकत्रय स्तबक, नेमि राजुल बारहमासा, विक्रमादित्य पंचदंड चौपाई, कृष्ण-रुक्मिणी वेली बालावबोध, संघपट्टक बालावबोध, नवतत्त्व भाषाबन्ध, वर्तमान जिन चौवीसी, बत्तीसी साहित्य, बावनी साहित्य सहित विविध स्तवनों की रचना कर इन्होंने श्रुतज्ञान की सेवा की है। वैद्यक सम्बन्धी भी दो रचनायें मिलती हैं-(१)मूत्र परीक्षा और (२) कालज्ञान।

छिन्नू जिनवरांरौ स्तवन नामक कृति खरतरगच्छ साहित्य कोश में क्रमांक ६००९ पर अंकित है।

प्रति परिचय

छिन्नू जिनवरांरौ स्तवन नामक हस्तलिखित कृति की प्रतिलिपि राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर संग्रहालय से महेन्द्रसिंहजी भंसाली(अध्यक्ष, जैन ट्रस्ट, जैसलमेर) के शुभप्रयत्न से प्राप्त हुई है। एतदर्थ वे साधुवादार्ह हैं। जोधपुर में पुस्तकनुमा हस्तलिखित प्रति क्रमांक-२९८१३ में अनेक लघु-दीर्घ रचनाओं के साथ प्रस्तुत कृति पृष्ठ संख्या-१५० पर लिखी हुई है। प्रति के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राय: २७ पंक्तियाँ तथा प्रत्येक पंक्ति में लगभग २० अक्षर हैं। अक्षर सुंदर व स्पष्ट हैं।

छिन्नू जिनवरांरौ स्तवन

॥ ढाल-१ ॥

(ढाल-कडखानी ए देशी)

ध्यांन श्रुतदेवता तणो हियडै धरी
सयल जिनरायना पाय प्रणमी करी।
छिन्नवै जिनतणा नाम हुं भाषिसुं
विमल सद्गुरु वचन मेलि श्रुतसाषिसुं ॥१॥

वट्टमाणा जिणा इत्थ चौवीस ए
तीय काले तहा जिण तहा णागए।
विहरता वीस जिणराय वलि जाणीयै
सासता च्यारी नामेण वखाणीयै ॥२॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रिसहजिण अजित संभव अभिनंदणं
सुमति पदमप्रभुं तिम सुपासं जिनं।
चंदप्रभु सुविधि शीतलह श्रेयांस ए
वासुपूज विमल जिन अनंत सुप्रशंस ए ॥३॥
धर्मजिन शांतिजिन कुंथु अरिदेव ए
मल्लि मुणिसुव्वयं नमिजिणं सेव ए।
नेमि वलि पासजिण वीर वर्धमान ए
नमुं चौवीसजिण एह वर्तमान ए ॥४॥

।। ढाल-२ ॥

केवलज्ञानी तिम निरवाणी ए
सागर महायश विमल वखाणी ए।
सर्वानुभूति श्रीधर दत्त देव ए
दामोदर श्रीसुतेजा सेव ए॥

(तर्ज-अष्टापदे श्री आदिजिनवर)

सेवए स्वामि मुनिसुव्रत सुमति शिवगति नाम ए
अस्ताघ जिनवर वलि नमीसर अनल जसधर साम ए
प्रणमुं कृतारथ श्री जिणेसर शुद्धमति जिन शिवकरू
स्यन्दन अने संप्रति सुनामै अतीत कालै जिनवरू ॥५॥

।। ढाल-३ ॥

(ढाल वीर जिणेसर नी)

पदमनाभ सूरदेव सुपास स्वयंप्रभु सुनिहालि
सरवानुभूति देवश्रुती उदय देव पेढाल।
पोटिल शतकीरति रति वखाणि सुव्रत सेवीजै
अमम नि:कषाय नि:पुलाक निर्मम निरखीजइ ॥६॥
चित्रगुप्त नमीयै समाधि संवर श्रीयशोधर
विजय मल्लि जिनदेव दोइ अनंतवीर्य भद्रंकर।
एह अनागत काल हुसी चौवीस तिथंकरु
त्रिकरण वंदीजइ सदीव परतखि ए सुरतरु ॥७॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

।। ढाल-४ ।।

(राग-चोपई)

सीमंधर युगमंधर सामि बाहु सुबाहु नमुं सिरनांमी
श्रीसुजात देवसेन वखांणि, स्वयंप्रभु ऋषभानन वलि जाणि ॥८॥
सूरप्रभु तिम सामि विसाल, वज्रधर चंद्रानन सुनिहाल
चंद्रबाहु तिम देव भुजंग, ईसर नेमिप्रभु मनरंग ॥९॥
वीरसेन महाभद्र देवयशा, अनंतवीरय नमतां सुभदशा
विहरमान ए जिनवर वीस, भावैं प्रणमीजै निसदीस ॥१०॥
ऋषभानन चंद्रानन देव, वारिषेण व्रधमान सुसेव
ए चिहुं नामे जिन सासता, प्रणमीजै आणी आसता ॥११॥
ए च्यारे चउवीसी करी, छिन्नूं जिनवर भवजलतरी
जपतां एहना मनसुध जाप, जायै सहु भवभवना पाप ॥१२॥

कलश

इम भविय सुहकर सयल जिणवर च्यारी चउवीसी तणा
छन्नवे संख्या हुवै सहुनी नमो भो भवियण जणा
उवझाय वर श्री लक्ष्मीकीरति चरणपंकज मधुकरू
श्री लच्छीवल्लभ भाव शुद्धै जपै अहनिसि जिनवरू ॥१३॥

।। इति छिन्नू जिनवरांरौ स्तवन समाप्तम् ।।

◈ ◈ ◈

प्राचीन साहित्य संशोधकों से अनुरोध

श्रुतसागर के इस अंक के माध्यम से प. पू. गुरुभगवन्तों तथा अप्रकाशित कृतियों के ऊपर संशोधन, सम्पादन करनेवाले सभी विद्वानों से निवेदन है कि आप जिस अप्रकाशित कृति का संशोधन, सम्पादन कर रहे हैं या किसी पूर्वप्रकाशित कृति का संशोधनपूर्वक पुनः प्रकाशन रहे हैं अथवा महत्त्वपूर्ण कृति का अनुवाद या नवसर्जन कर रहे हैं, तो कृपया उसकी सूचना हमें भिजवाएँ, इसे हम श्रुतसागर के माध्यम से सभी विद्वानों तक पहुँचाने का प्रयत्न करेंगे, जिससे समाज को यह ज्ञात हो सके कि किस कृति का सम्पादन कार्य कौन से विद्वान कर रहे हैं? यदि अन्य कोई विद्वान समान कृति पर कार्य कर रहे हों तो वे वैसा न कर अन्य महत्त्वपूर्ण कृतियों का सम्पादन कर सकेंगे.

निवेदक- सम्पादक (श्रुतसागर)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पुस्तक समीक्षा

भाविन के. पण्ड्या

पुस्तक नाम	: क्षमाकल्याणजी कृति संग्रह
कुल भाग	: २
संपादक	: आर्य मेहुलप्रभसागरजी
प्रकाशक	: आचार्य श्री जिनकान्तिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट, मांडवला
पृष्ठसंख्या	: ३४४ (दोनों भाग के)
प्रकाशन वर्ष	: वि.सं. २०७३ (ई.स. २०१६)
मूल्य	: १००/-(सेट की कीमत)
विषय	: खरतरगच्छीय वाचक श्री अमृतधर्म गणि के शिष्य महोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी विरचित कृतियों का एक विरल संग्रह

खरतरगच्छाधिपति परम पूज्य आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरिजी के शिष्य आर्य मेहुलप्रभसागरजी द्वारा संकलित एवं संपादित 'क्षमाकल्याण कृति संग्रह' जैन साहित्य जगत के लिए एक अनुपम उपहार स्वरूप है। आर्य मेहुलप्रभसागरजी ने महोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी म.सा. के स्वर्गारोहण द्वि-शताब्दी प्रसंग को एक प्रेरणा रूप में ग्रहण किया तथा भारतभर के विभिन्न ज्ञानभंडारों में संगृहीत संबंधित कृतियों का संग्रह करके पूरी मनोज्ञता से संपादित किया और महोपाध्याय क्षमाकल्याणजी के द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पौष कृष्ण १४ विक्रम संवत् २०७३ को ग्रंथ का विमोचन कराकर विद्वद्जगत के समक्ष प्रस्तुत किया।

महोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी की कृतियों का संपादन मुख्यरूप से पाँच ज्ञानभंडारों की हस्तलिखित प्रतियों के आधार से किया गया- (१) आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा, गांधीनगर, (२) श्री जिनहरिसागरसूरि ज्ञानभंडार, पालीताना, (३) श्री जिनभद्रसूरि ज्ञानभंडार, जैसलमेर, (४) राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर-बीकानेर, (५) लालभाई दलपतभाई भारतीय प्राच्यविद्या संस्थान, अहमदाबाद।

महोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी का समय वि.सं. १८०१ से वि.सं. १८७३ तक का माना जाता है। उन्होनें अपने जीवनकाल में अनेक महत्त्वपूर्ण कृतियों की रचना की। आचार्य श्री जिनहरिसागरसूरिजी ने जैसलमेर व जयपुर के ज्ञानभंडारों में

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संगृहीत हस्तलिखित प्रतियों में उपलब्ध कृतियों में से ६० गेय कृतियाँ व महोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी के जीवनचरित्र का प्रकाशन करवाया था।

इस ग्रंथ में संपादक आर्य मेहुलप्रभसागरजी के गुरु गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरिजी द्वारा लिखित विशिष्ट प्रस्तावना (वंदे क्षमाकल्याणम्) में महोपाध्यायजी के जीवनचरित्र को विस्तारपूर्वक वर्णित किया गया है। साधनाकाल, व्यक्तित्व, कृतित्व आदि का वर्णन करते हुए भक्तिपरक, विधि-विधानपरक, सैद्धांतिक, इतिहासपरक व कथासाहित्य आदि विषयक कृतियों का परिचय दिया गया है।

प्रथम भाग के अंतर्गत महोपाध्यायजी की भक्तिपरक जैसे चैत्यवंदन, स्तुति, स्तवनादि ११४ कृतियों का संग्रह दिया गया है. जिसमें उनकी २ स्तुतिचतुर्विंशिका वाचकों के लिए आकर्षण का केन्द्र हैं, उसके साथ ही विभिन्न ऐतिहासिक शत्रुंजयादि तीर्थमंडन तीर्थंकरों की स्तुतियाँ, स्तवन व जिनदत्तसूरि, जिनकुशलसूरि, जिनभक्तिसूरि, जिनलाभसूरि, वाचनाचार्य अमृतधर्मादि गुरुभगवंतों के विविध अष्टक भी समाविष्ट हैं। परिशिष्ट में उनके गुणों को दर्शाने वाली तथा व्यक्तित्व को उजागर करती हुई ५ कृतियाँ भी द्रष्टव्य हैं।

द्वितीय भाग में सर्वप्रथम महोपाध्यायजी द्वारा वि.सं. १८३० में रचित इतिहासपरक संस्कृतभाषा में निबद्ध अतिविस्तृत कृति "खरतरगच्छीय पट्टावली" दी गई है, फिर चतुर्विधसंघ के लिए आवश्यक ऐसे दो प्रकरण "साधुविधिप्रकाश प्रकरण" व "श्रावकविधिप्रकाश प्रकरण" को समाविष्ट किया गया है, जिसमें प्रतिक्रमणादि विधियों का सुंदरतम निरूपण किया गया है। श्रावकविधि प्रकाश के अंत में कठिन शब्दों की सूचि भी अर्थसहित दी है। महोपाध्यायजी द्वारा प्रतिक्रमण की हर विधि के कारण को स्पष्ट करके उसकी उपयोगिता को निरूपित करने वाली कृति "प्रतिक्रमण हेतवः" को सम्मिलित किया गया है। अंत में महोपाध्यायजी प्रणीत "सूक्तरत्नावली" के रूप में जैनसिद्धांतों को आवेष्टित करती सूक्तियों को स्थान दिया गया है।

प्रस्तुत ग्रंथ समस्त जैनसंघ के लिए बहुत ही उपादेय व श्रेयस्कर सिद्ध होगा। आर्य श्री मेहुलप्रभसागरजी ने इस ग्रंथ को प्रकाशित कराकर संशोधक वर्ग के लिए सामग्री तो उपलब्ध कराया ही है साथ ही जैन साहित्य को समृद्ध भी किया है। उनके प्रयास के कारण ही आज महोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी की कृतियों का संग्रह हमें प्राप्त हुआ है। आर्य श्री मेहुलप्रभसागरजी भविष्य में भी इसी तरह श्रुत की सेवा करते रहें तथा युगयुगांतर तक उनके द्वारा रचित, संपादित, संगृहीत कृतियाँ सुरक्षित रहे व समग्र जैनसमाज लाभान्वित होता रहे, ऐसी शासनदेव के श्रीचरणों में प्रार्थना सह शुभेच्छा।

For Private and Personal Use Only

जैन न्यायनो विकास

(गतांक से आगे...)

मुनि श्री धुरंधरविजयजी

१३. श्री वीराचार्यजी

तेओ विक्रमनी १२मी शताब्दिना उत्तरार्धमां थयां. पाटणनां सार्वभौम राजा सिद्धराजने तेमनां प्रत्ये बहु मान हतुं. एक वखत राजाए मश्करीमां तेमने कह्युं के 'अमारा जेवा राजानां आश्रयथी आपश्री दीपो छे!' आनां प्रत्युत्तरमां आचार्यश्रीए जणाव्युं के 'पूर्वपुण्यथी प्रतिभा प्रसरे छे.' राजाए वळी कह्युं: 'आ सभा सिवाय अन्य देशमां फरशो त्यारे बीजा बावानी जेम अनाथता समजाशे.' सूरिजीए कही दीधुं के अमुक समये पोते अहींथी विहार करशे. सिद्धराजे नगरद्वारो बंध कराव्यां. विद्याबळथी आचार्यश्री बहार निकळीने पल्लीपुर पहोंच्यां, त्यांथी महाबोध नगरमां जई बौद्धोने वादमां हराव्यां. गोपालगिरि (गवालियर) मां राजाए घणुं सन्मान आप्युं ने त्यां पण अन्य वादीओने जीत्यां, राजाए चामर छत्र वगेरे राजचिह्नो आप्यां. नागोर जई जैनदर्शननी शोभा वधारी.

सिद्धराजना आमंत्रणथी पुनः पाटण तरफ विहार कर्यो. चारुप आव्या त्यारे तेमने मळवा सिद्धराज त्यां आव्यो हतो. पाटणमां एक सांख्यवादी वादिसिंह आव्यो हतो. सिद्धराजे ते वादीने हरावबा गोविंदाचार्य के जेओ कर्ण महाराजना बालमित्र हतां अने वीराचार्यजीना कलागुरु हतां तेमने करी. तेओए कह्युं के तेने तो वीराचार्यजी हरावशे. पछीथी वीराचार्यजीए गोविंदाचार्यजी साथे जई तेनुं सर्व मान गाळी नाख्युं हतु. ते वादमां वीराचार्यजी पोतानो पक्ष मत्तमपूर छन्द अने अपह्नुति अलंकारमां बोल्यां हतां. सर्वानुवादनी शरत प्रमाणे सांख्यवादी ते प्रमाणे बोली शक्यो न हतो. ए प्रमाणे वीराचार्यजी विजयमाळ वर्या हता. वळी सिद्धराजनी सभामां कमलकीर्ति नामना दिगम्बरवादीने हरावी स्त्रीमुक्तिनी सिद्धि करी हती अने विजय मेळव्यो हतो.

१४. श्री मुनिचंद्रसूरिजी

तेमनो स्वर्गवास वि. संवत् ११७८ मां थयेल छे, एटले तेओ विक्रमनी बारमी शताब्दिमां थयां. तेओ अखंड ब्रह्मचारी अने उग्र तपस्वी हतां. तेओ कांजी पीने ज रहेतां तेथी 'सौवीरपायी' तरीके प्रसिद्ध थया हतां. श्री हरिभद्रसूरिजीकृत 'अनेकान्तजयपताका' पर टिप्पण अने 'ललितविस्तरा' पर पंजिका, वगेरे तेमनी न्यायरचना छे. बीजा पण कुलको, वृत्तिओ, प्रकरणो वगेरे लगभग २० थी २५ ग्रन्थो

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तेमणे रच्यां छे. तेओ वादनिपुण हतां. 'मुद्रितकुमदचंद्र' नाटकमां तेमणे अर्णोराजनी सभामां एक शैववादीने जीत्यो हतो तेम उल्लेख छे. तथा गुणचंद्र नामना दिगम्बर महावादी साथे वाद करवानो हतो ते समये वादि देवसूरिजी तेमनी साथे हतां ने तेमनी शैशव वय हती. ते वखते ते वादीने देवसूरिए जीत्यो हतो. वादि देवसूरिजीना तेओ गुरु हतां.

१५. श्री चन्द्रसूरिजी

तेमनो सत्तासमय वि.सं. ११६९ नी आसपासनो छे. मुनि अवस्थामां तेओ 'श्री पार्श्वदेव गणि' ए नामथी प्रसिद्ध हतां ने आचार्य थया पछी श्री चंद्रसूरिजी कहेवायां. तेमणे बौद्धाचार्य दिङ्नागकृत 'न्यायप्रवेशक' पर जे हारिभद्रीवृत्ति छे ते पर 'पंजिका' रची छे.

अन्यान्य विषयोना ग्रन्थो पर वृत्ति, टीका, व्याख्या तेओए सारी रची छे.

१६. मलधारी श्री हेमचन्द्रसूरिजी

तेओ बारमी सदीना अंतनी लगभगमां थयां. एमना गुरु मलधारी अभयदेवसूरिजी छे. पूर्वावस्थामां तेओ प्रद्युम्न नामना राजमंत्री हतां. तेमनी व्याख्यानशक्ति अपूर्व हती. सिद्धराज जयसिंह कलाकोना कलाको सुधी तेमना व्याख्यानमां बेसतो अने केटलीक वखत सांभळवानी उत्कंठाथी एकलो तेमनी पासे आवतो. अमुक स्थळ सुधी सिद्धराज जयसिंह तेमनी स्मशानयात्रामां गयो हतो तेथी समजी शकाय छे के सिद्धराजने तेमना उपर घणुं ज मान हतुं. तेओए एक लाख श्लोक प्रमाण विविध ग्रन्थोनी रचना करी छे. तेमां न्यायग्रन्थ तरीके गणावी शकाय तेवी विशेषावश्यक परनी बृहद्वृत्ति छे. तेनुं प्रमाण २८ हजार श्लोक जेटलुं छे. गणधरवाद, निह्नववाद, शब्द, नय, निक्षेप, ज्ञान वेगेरे अनेक विषयो तेमां न्यायशैलीथी सारी रीते चर्च्या छे. आर्हतदर्शनना मौलिक विचारोनुं तर्कपद्धतिमय स्वरूप आ टीकामां मळे छे. ए टीकामां १ अभयकुमार गणि, २ धनदेवगणि, 3 जिनभद्रगणि, ४ लक्ष्मणगणि, ५ विबुधचंद्रमुनि, ए पांच मुनिओ अने आणंदश्रीजी तथा वसुमतिश्रीजी ए बे साध्वीओ, एम सात जणे मदद करी हती.

१७. वादी देवसूरीजी

तेमनो जन्म सं. ११४३ मां मदाहृत गाममां थयो हतो. ते गाम आबुनी आसपास आवेल छे. ११५२ मां दीक्षा, ११७४ मां आचार्यपद, अने १२२६ मां श्रा. व. ७ ने गुरुवारे तेओ स्वर्गस्थ थयां. तेमना गुरु मुनिचंद्रसूरिजी शान्तिसूरिजीना ज्ञानखजानाना वारसदार हतां. तेमणे वादि देवसूरिजीने प्रमाण वगेरे शास्त्रनो सारो अभ्यास कराव्यो

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हतो. दीक्षा लीधा बाद बे-पांच वर्षमां ज तेमनी ख्याति चोतरफ प्रसरी गइ हती. ते समयमां तेमणे बन्ध नामना शैवदर्शनी द्वैतवादीने धोळकामां जीत्यो, साचोरमां वाद कर्यो ने जीत्या, गुणचंद दिगम्बरने नागोरमां पराजित कर्यो. भागवत शिवभूतिने चित्तोडमां, गंगाधरने ग्वालीयरमां, घरणीधरने धारामां, कृष्ण नामना वादीने भरूचमां, एम एनेक वादीओ उपर जीत मेळवी हती.

आचार्य थया पछी तेमणे सिद्धराजनी सभामां दिगम्बर महावादी कुमुदचंद्रने वादमां हराव्यो हतो. कुमुदचंद्रनो ते समये प्रबल प्रताप हतो. पोतानी शक्ति माटे एने खूब अभिमान हतुं, ८४ वादी तेणे जीत्या हतां. वादीदेवसूरीजी साथे वाद करवानी तेने खूब इच्छा हती. देवसूरिजी तेवा तुच्छप्रकृतिना वाद साथे वाद करवा इच्छा धरावता न हतां, पंरतु ज्यारे ते दिगम्बरे अनेक नागाई करी, छेवटे श्वेताम्बर मतनी साध्वीनी छेडती करी एटले देवसूरिजीए वादनुं आमंत्रण आपीने वाद कर्यो. ते वादमां मुख्यपणे केवळी-भुक्ति अने स्त्री-मुक्ति ए बे विषयो चर्चाया हतां. शरत प्रमाणे वादमां हार थवाथी दिगम्बरोने गुजरात छोडी चाल्या जवुं पड्युं हतुं. आ विजय बाद तोओ 'वादीदेवसूरिजी' ए नामथी विख्यात थयां. आ विजयथी सिद्धराजे तेओश्रीने विजयपत्र अने एक लाख सुवर्णमुद्राओ अर्पण करी हती. मुनिधर्मना आचार प्रमाणे ते एक लाख सुवर्णमुद्राओ ग्रहण करी न हती. महामंत्री आशुकनी संमतिथी ते मुद्राओनो व्यय करी सिद्धराजे एक जिनप्रासाद बंधाव्यो हतो. तेमां श्री आदिनाथना बिम्बनी ११८३ ना वैशाख शुक्ल द्वादशीने दिवसे प्रतिष्ठा करवामां आवी हती. तेमां चार आचार्यो संमिलित हतां. तेमना आ वादनी अनेक आचार्योए सुन्दर प्रशंसा करी छे. तेमां ते समये हेमचंद्रसूरिजी त्यां विद्यमान हतां, तेमणे 'श्री सिद्धहेमव्याकरण'मां लख्युं के-

यदि नाम कुमुदचन्द्रं, नाजेष्यद् देवसूरिरहिमरुचिः ।।
कटिपरिधानमधस्यत, कमतः श्वेताम्बरो जगति ? ।।

'जो देवसूरिजी रूपी सूर्ये कुमुदचन्द्रने न जीत्यो होत तो जगतमां क्यो श्वेताम्बर कटि पर वस्त्रने धारण करत ?'

श्री जैन सत्यप्रकाश वर्ष-७, दीपोत्सवी अंकमांथी साभार

(क्रमशः...)

For Private and Personal Use Only

समाचार सार

भाविन के. पण्ड्या

प. पू. राष्ट्रसंत आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में त्रिदिवसीय त्रिवेणी महोत्सव सम्पन्न

परम पूज्य राष्ट्रसंत आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में श्री सीमंधरस्वामी जिनमंदिर महेसाणातीर्थ में दिनांक १० से १२ फरवरी २०१७ तक त्रिदिवसीय महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था जो विविध कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ.

दिनांक १० फरवरी २०१७ के शुभदिन प. पू. राष्ट्रसंत जैनाचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. आदि साधु-साध्वीजी भगवन्तों का महेसाणीतीर्थ में विशाल जनसमूह के साथ मंगलगीतध्वनी पूर्वक पावन पदार्पण. पूज्य आचार्यश्रीजी के मंगल प्रवचन के पश्चात् श्री सीमंधरस्वामीजी की पंचकल्याणक पूजा आदि का कार्यक्रम पूर्ण धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ.

दिनांक ११ फरवरी को विहरमान तीर्थंकर श्री सीमंधरस्वामीजी का विशिष्ट वर्धमान शक्रस्तव अभिषेक व महाविदेह भावयात्रा का आयोजन किया गया. दिनांक १२ फरवरी को श्रमणोपासिका तुलसीबेन मिश्रीमलजी नथमलजी कटारिया परिवार द्वारा नवनिर्मित श्री सीमंधरस्वामी जिनमंदिर पेढ़ी के नूतन कार्यालय के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में गुजरात राज्य के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल उपस्थित हुए. कार्यक्रम के मध्य श्री नितिनभाई पटेल ने परम पूज्य राष्ट्रसन्त आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म. सा. आदि साधु-साध्वीजी भगवन्तों का आशीर्वाद प्राप्त कर धन्यता का अनुभव किया.

त्रिदिवसीय कार्यक्रम के अन्तिम चरण में योगनिष्ठ आचार्य श्रीमद् बुद्धिसागरसूरीश्वरजी म. सा. के समुदाय की साध्वीवर्या श्री कल्पशीलाश्रीजी म. सा. की अर्धशताब्दी संयम अनुमोदना, धर्मसभा, लाभार्थी परिवार का बहुमान व पूज्यश्री का मांगलिक प्रवचन आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये.

सभी कार्यक्रम बडे सुंदर वातावरण में पूर्ण हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न हुए. इस अवसर पर पधारे हुए श्रद्धालुओं के लिए बहुत ही सुन्दर आवास-भोजनादि की व्यवस्था की गई थी.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शांतिग्राम में नवनिर्मित जिनप्रासाद में श्री आदिनाथ प्रभु आदि जिनबिंबों का प्रवेश महोत्सव सम्पन्न

परम पूज्य राष्ट्रसंत आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म. सा. की पावन निश्रा में अहमदाबाद, वैष्णवदेवी मंदिर समीप, सरखेज-गांधीनगर महामार्ग पर अवस्थित शांतिग्राम में नवनिर्मित जिनालय में दिनांक २४ फरवरी, २०१७ को मूलनायक आदिनाथ प्रभु आदि जिन बिम्बों का प्रवेश महोत्सव सम्पन्न हुआ.

इस जिनालय का निर्माण जिनभक्तिरत शांताबेन शांतिलाल भुदरमल अदाणी परिवार द्वारा कराया गया है. नवनिर्मित जिनप्रासाद में मूलनायक श्री आदिनाथ प्रभु आदि जिनबिंबों का प्रवेश महोत्सव परम पूज्य राष्ट्रसन्त आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराज साहब तथा उनके आज्ञावर्ति प. पू. आचार्य श्री हेमचन्द्रसागरसूरिजी, गणिवर्य श्री प्रशान्तसागरजी आदि पूज्य साधु-साध्वीजी भगवंतों की निश्रा में संपन्न हुआ.

इस शुभ अवसर पर अदाणी ग्रूप ऑफ इन्डस्ट्रीज के चेरमेन श्री गौतमभाई अदाणी ने सपरिवार राष्ट्रसंत आचार्यश्री से आशीर्वाद प्राप्त किये.

मधुपुरीतीर्थ में तीन मुमुक्षुओं का भव्यातिभव्य दीक्षा महोत्सव सम्पन्न

प.पू. राष्ट्रसंत आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी की पावन निश्रा में श्रीमद् बुद्धिसागरसूरि विरति वाटिका, महुडी(मधुपुरी) में मुमुक्षु श्री हिरेनभाई, मुमुक्षु जयश्रीबहन व मुमुक्षु विधिकुमारी ने वि.सं.-२०७३ फाल्गुन शुक्ल- १-३ तदनुसार दिनांक- २७ फरवरी से १ मार्च २०१७ तक आयोजित त्रिदिवसीय दीक्षा महोस्तव में संयम ग्रहण किया. मुमुक्षु हिरेनभाई राष्ट्रसंत आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. के पट्टशिष्य समतासुधानिधि आचार्य श्री वर्धमानसागरसूरिजी म.सा. के शिष्य मुनि श्री हृदयपद्मसागरजी के नाम से प्रसिद्ध हुए. मुमुक्षु जयश्रीबहन साध्वीवर्या श्री अनंतदर्शनाश्रीजी म.सा. का शिष्यत्व ग्रहण किया व साध्वी श्री जितयशाश्रीजी के नाम से प्रसिद्ध हुई. ये दोनों मुनि श्री कल्याणपद्मसागरजी के शिष्य मुनि श्री यशपद्मसागरजी के सांसारिक माता-पिता हैं. मुमुक्षु विधिकुमारी ने अपनी संसारी बहन साध्वीवर्या श्री हंसदर्शिताश्रीजी म.सा.का शिष्यत्व साध्वी श्री वीतरागदर्शिताश्रीजी के रूप में ग्रहण किया.

इस पावन प्रसंग पर राष्ट्रसंत एवं उनकें शिष्य-प्रशिष्य तथा देश के विभिन्न भागों से पधारे अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे. सभी कार्यक्रम आनंदमय वातावरण में सम्पन्न हुए.

For Private and Personal Use Only

महेसाणातीर्थ महोत्सव के मंगलकारी क्षण

महेसाणातीर्थ में
पूज्य गुरुभगवंतश्री का
मंगल प्रवेश

वर्धमान शक्रस्तव
पूजन में बिराजमान
पूज्य गुरुभगवंतश्री



महेसाणातीर्थ परिसर
में नूतन ऑफिस का
उद्घाटन

नायब मुख्यमंत्रीश्री नितीनभाई
के साथ चर्चामग्न
पूज्य गुरुभगवंतश्री

For Private and Personal Use Only

Registered Under RNI Registration No. GUJMUL/2014/66126 SHRUTSAGAR (MONTHLY). Published on 15th of every month and Permitted to Post at Gift City SO, and on 20th date of every month under Postal Regd. No. G-GNR-338 issued by SSP GNR valid up to 31/12/2018.

जिन स्थापना पट्ट का एक अंश

BOOK-POST / PRINTED MATTER

प्रकाशक
श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र
आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा
जि. गांधीनगर ३८२००७
फोन नं. (०७९) २३२७६२०४, २०५, २५२
फेक्स (०७९) २३२७६२४९
Website : www.kobatirth.org
email : gyanmandir@kobatirth.org

Printed and Published by : HIREN KISHORBHAI DOSHI, on behalf of SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.&Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat. And Printed at : NAVPRABHAT PRINTING PRESS, 9, Punaji Industrial Estate, Dhobighat, Dudheshwar, Ahmedabad-380004 and Published at : SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.&Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat.
Editor : HIREN KISHORBHAI DOSHI

For Private and Personal Use Only